प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:05 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले तीन से चार वर्ष देश में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं, जिससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है। मुंबई में, भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का कल हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की आवश्यकता है और केन्द्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुष्प्रचार करने वाली ताकतें निवेश, बुनियादी ढांचा विकास और देश की आर्थिक प्रगति के शत्रु हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. सरकार स्थिरता और आर्थिक विकास को प्राथमिकता दे रही है और एन.डी.ए. के तीसरे कार्यकाल का निवेशकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया है।

उपचुनाव

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में 2 विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की जीत पर प्रदेश की जनता का आभार जताया है। कल शिमला में एक बयान में उन्होंने कहा कि यह जीत जनता और कार्यकर्ताओं की जीत है और दल –बदल और खरीद–फरोख्त की राजनीति की हार है। उन्होंने भाजपा को हार से सबक लेते हुए विपक्ष की भूमिका को गंभीरता के साथ हिमाचल हित में निभाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि 2022 में जनता ने कांग्रेस को बहुमत का 40 का आंकड़ा दिया था और वे फिर से आज उस आंकड़े को प्राप्त करने में सफल हुए हैं।

हाईकोर्ट

प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में दिव्यांगजन की नियुक्ति को नियमित की बजाए अनुबंध आधार पर करने को गैरकानूनी करार दिया है। न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने याचिका की सुनवाई करते हुए दिव्यांगजनों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनाए 1995 के अधिनियम का हवाला देते हुए यह व्यवस्था दी। न्यायालय ने कहा कि इस अधिनियम के तहत आरक्षण का मतलब रोजगार देना है। जो दिव्यांग को स्थायित्व प्रदान करे और ऐसा केवल नियमित नियुक्ति देकर ही किया जा सकता है।

श्रीखंड यात्रा

उत्तर भारत की सबसे कठिन रोमांचक व धार्मिक श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस रवीश द्वारा आधार शिविर सिंहगाड़ से यात्रियों को आज सुबह हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 18 हजार 5 सौ 70 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव तक पहुँचने के लिए भक्तो को 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है तथा बर्फ के छह ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए है। यह यात्रा 27 जुलाई तक चलेगी। एस.डी. एम. निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि इस बार साढ़े 4 हजार श्रद्धालुओं ने यात्रा पर जाने के लिए ऑन लाइन पंजीकरण किया है।

नीति आयोग

नीति आयोग ने स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के आकांक्षी जिलों में 4 जुलाई से 30 सितंबर तक 3 महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के शुभारम्भ पर देश भर के 112 आकांक्षी जिलों और पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों को इस अभियान के महत्व के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत विशेष कर 6 संकेतकों पर अगले तीन माह कार्य किया जाना है। इन संकेतकों में गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण देना, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच करना तथा स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना शामिल है। इसी कड़ी में देश के आकांक्षी जिला चंबा में भी इन 6 संकेतकों के तहत सम्पूर्णता अभियान शुरू कर दिया गया है और जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कल हुई उपचुनाव की मतगणा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला का शीर्षक है—देहरा, नालागढ़ में कांग्रेस और हमीरपुर में भाजपा जीती। पंजाब केसरी लिखता है—हिमाचल उपचुनाव में कांग्रेस 2 और भाजपा 1 सीट पर जीती। दैनिक भास्कर की सुर्खी है—हिमाचल में कांग्रेस फिर 40 पार, ऐसा पहली बार मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी विधानसभा में एक साथ नजर आएंगे। दैनिक जागरण लिखता है—उपचुनाव में फिर भारी रही कांग्रेस। हिमाचल दस्तक के अनुसार—कांग्रेस का हाथ और ऊपर।

दिव्य हिमाचल लिखता है—कांगड़ा में भूकंप के झटके 3 दशमलव 6 मापी गई तीव्रता। दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है—हिमाचल के कांगड़ा जिला में 3 दशमलव 6 की तीव्रता के भूकंप के झटके।

दैनिक भास्कर की एक ख़बर है—7 सौ 71 पदों को जेओए—लाइब्रेरियन में बदलने के खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट से खारिज। मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है—दो दिन के लिए भारी बारिश का अलर्ट। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ।

————————————————————————